'मर्यादामार्ग 'से 'पुष्टिमार्ग' विलक्षण है। ईसलिये इसमें प्रभु का 'अनुग्रह' ही नियामक है, कीसी अन्य बाबत पर वह आधारित नहीं है। जिससे फल प्राप्ति प्रभुके 'प्रमेय-बल' से होती है।🌹(सि.मु.)🌹 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌹वल्लभ-चिंतनिका(१११)🌹

मर्यादामार्ग में साधन और फल भिन्न होते है, जबकी पुष्टिमार्ग मे जो साधन है, वही फल भी है। 'भगवद् सेवा' साधन है फल भी 'भगवद् सेवा' ही है। यही पुष्टिमार्ग की विशेषता है। 🌹(सि.मु.)🌹 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌹वल्लभ-चिंतनिका(११२)🌹

जिनके उपर भगवद् अनुग्रह होता है, उन्हे लौकिक-अलौकिक फल-प्राप्ति होती है। वह 'साधारण अनुग्रह' है। परंतु कुछ विरल भक्त पर भगवान 'विशेष अनुग्रह' करते है, वे स्वयं भगवान को ही फल रुप प्राप्त करते है।🌹(सि.मु.)🌹 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌹वल्लभ-चिंतनिका(११३)🌹

मर्यादामार्गीय साधना में देश-काल के नियम होते है, लेकिन पुष्टि भक्त के लिये ऐसे कोई बंधन नहीं होते। जिस देश-काल में भगवद् अनुग्रह प्राप्त हो, वहां पुष्टि भक्ति संभव होती है।🌹(सि.मु.)🌹 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌹वल्लभ-चिंतनिका(११४)🌹

गंगाजी के आ.दै/आध्यात्मिक स्वरुप के बजाय उसे मात्र जल समझने वाला उसके लाभसे वंचित रहता है, वैसेही श्रीकृष्ण के ग्यान/भक्ति के अभावमें न तो अक्षरब्रह्म न स्वरुप साक्षात्कार प्राप्त कर पाता है, और उसका भवसागर में अध:पतन होता है। 🌹(सि.मु.)🌹 🌹🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌹वल्लभ-चिंतनिका(११५)🌹

ईस प्रकार श्रीवल्लभ ने, गुप्त होते हुए भी दैवी जीवो के उद्धारार्थ, उनके सर्व संदेहो को दूर करने हेतु और स्व-कर्तव्य का ग्यान कराने के लिये सि.मु.ग्रंथ की रचना की है। 🌹 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌹वल्लभ-चिंतनिका(११६)🌹

पुष्टिमार्ग विलक्षण मार्ग है, अन्य मार्गो से भिन्न है, ईसकी प्रतीति हमें श्रीमहाप्रभुजी के 'पुष्टि-प्रवाह-मर्यादा भेद ग्रंथ से होती है, जिसमें उन्होने सर्ग भेद, कारण भेद, फल भेद, मार्ग भेद, साधन भेद ईत्यादि समझाये है। 🌹(पु.प्र.म.भेद) 🌹 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌹वल्लभ-चिंतनिका(११७)🌹

शास्त्र अनुसार लौकिक कर्मो का उदगम् जीव के प्राकृत स्वभाव में और लौकिक प्रयोजन की पूर्ति के प्रयास में, तथा वैदिक कर्मो का अनुष्ठान शास्त्र आग्यानुसार अनुसरण से प्राप्त होता है। तदनुसार भिन्न भिन्न मार्ग के विधान कीये गये है।🌹(पु.प्र.म.भेद) 🌹 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌹वल्लभ-चिंतनिका(११८)🌹

पुष्टिमार्ग, मर्यादामार्ग, और प्रवाहमार्ग, तीनो की अपनी विशेषता है, अत: तीनो भिन्न है। उनमें जीव के स्वरुप, रुची, अधिकार, व्यवहार और अंत में प्राप्त होने वाले फल भी भिन्न है।🌹 (पु.प्र.म.भेद)🌹 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌹वल्लभ-चिंतनिका(११९)🌹

तीनो प्रकार के मार्ग पर चलने वाले जीव भी समान दिखते है फीरभी वे जन्म, स्वभाव, क्रिया और फल प्राप्ति की दृष्टि से तीन प्रकार के होते है - पुष्टि जीव, मर्यादा जीव, प्रवाहि जीव। 🌹(पु.प्र.म.भेद) 🌹 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌹वल्लभ-चिंतनिका(१२०)🌹

'पु-प्र-म भेद' ग्रंथ पूर्ण रुपेण प्राप्त न होते हुवे भी श्री महाप्रभुजी ने उसमें पुष्टिजीवो की उत्पत्ति, उनका स्वरुप, लक्षण, कार्य, मार्ग व फल प्राप्ति विषय़क संपूर्ण समज दी है। 🌹🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸🌹

🌹वल्लभ-चिंतनिका(१२१)🌹

लौकिक एवम् वैदिक कर्मो सेे उर्ध्वगमन के लिये 'ग्यानमार्ग' में वैराग्यपूर्ण संन्यास की प्रक्रिया बतलाई है। वैसेही 'निर्गुण भक्तिमार्ग' में सर्व समर्पण की शास्त्र में वर्णित प्रक्रिया है। उसी को 'पुष्टिमार्ग' कहते है। 🌹(पु.प्र.म.भेद)🌹 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌹वल्लभ चिंतनिका(१२२)🌹

चैतन्य रुप सभी जीवात्मा भगवदंश होते हुए, कीसी को श्रीपुरुषोत्तमकी प्राप्ति, कोई अक्षरब्रहम में लिन होना, अन्य को स्वर्ग प्राप्त होता है, जबकी कीतनेक अंधतमस में पडे रहते है। ईसका रहस्य क्या?🌹 (पु.प्र.म.भेद) 🌹 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌹वल्लभ-चिंतनिका(१२३)🌹

भगवान की निर्गुण भक्ति करने से पुरुषोतम की प्राप्ति होती है, वह 'पुष्टिमार्ग' है। वेदोमें निरुपित वैदिक धर्मो की विभिन्न मर्यादानुसार अनुसरण 'मर्यादामार्ग' है। गीता में दैवी सृष्टि से भिन्न आसूरी सृष्टि बताई है, वह 'प्रवाहमार्ग' कहा जाता है।🌹 (पु.प्र.म.भेद) 🌹 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌹वल्लभ-चिंतनिका(१२४)🌹

भगवान में शुद्ध स्नेह हो,वही 'भक्ति' का स्वरुप है। अत: भक्ति का मुख्य लक्षण प्रेम है। ईसलिये शुद्ध पुष्टिभक्ति

को 'प्रेम लक्षणा भक्ति' कहते है। फीर भी भगवद् सेवा में जीवबुद्धि से दोष की संभावना रहती है। अत: भगवान का माहात्म्य-ग्यान भी आवश्यक है।🌹 (पु.प्र.म. भेद) 🌹 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌹वल्लभ-चिंतनिका(१२५)🌹

वेद के पूर्व कांड में विविध कर्मो, विधी-निषेघ के विधान कीये गये है। उत्तरकांड में जीव, जगत, परमात्मा का स्वरुप समझाया है। ईन वेदिक मर्यादानुसार आचरण को 'मर्यादा मार्ग' कहते है।🌹 (पु.प्र.म.भेद) 🌹 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌹वल्लभ-चिंतनिका(१२६)🌹

मर्यादामार्ग अंतर्गत दो मार्ग बताए है, - १.'कर्ममार्ग', जिसमें वेद के पूर्वकांड में निरुपित कर्मो का आचरण करना होता है, २.'ग्यानमार्ग', जिसमें उत्तरकांड में वर्णित ग्यान प्राप्ति के मार्ग को अपनाते है।🌹(पु.प्र.म.भेद) 🌹 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌹वल्लभ-चिंतनिका(१२७)🌹

कर्ममार्ग के भी दो प्रभेद है - १.सकाम कर्ममार्ग, २.निष्काम कर्ममार्ग. प्रथम में पुण्य प्राप्ति की कामना से कर्म कीया जाता है, जिससे स्वर्गादी सुख प्राप्त होता है, दूसरे का हेतु मोक्ष प्राप्त करने चित्त शुद्धि का होता है।🌹 (पु.प्र.म.भेद)🌹 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌹वल्लभ-चिंतनिका(१२८)🌹

'मर्यादामार्ग' का दुसरा प्रभेद है -'ग्यानमार्ग'। शास्त्रो द्वारा 'ब्रहम' संबंधी ग्यान प्राप्त कर अक्षरब्रहम में सायुज्य पाना ईसका लक्ष - फल है। इससे भगवद् सानिध्य की प्राप्ति नहीं होती।🌹 (पु.प्र.म.भेद) 🌹 (डो. जयैन्द्र सोनी)

🌹वल्लभ-चिंतनिका(१२९)🌹

मर्यादामार्गीय भक्त में कभी भगवद् कृपासे या भक्त के संग से भगवद् प्रेम उत्पन्न होता है, लेकिन महात्म्य ग्यान की अधिकता के कारण उनकी भक्ति 'प्रेम लक्षणा' नहीं होती। यही मर्यादा भक्ति का स्वरुप है।🌹 (पु.प्र.म.भेद) 🌹 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌹वल्लभ-चिंतनिका(१३०)🌹

'मर्यादा भक्ति' और 'पुष्टि भक्ति' में यह भेद है की- प्रथम में प्रेम पुर्विका सेवा नहीं, शास्त्रोक्त विधीसे उपासना की जाती है, जबकी दुसरे में मात्र भगवद् प्रेम, प्रभु के सुख का ही विचार मुख्य होता है।🌹 (पु.प्र.म.भेद) 🌹 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌹वल्लभ-चिंतनिका(१३१)🌹

मर्यादा भक्तिमार्ग में जीव की गति अक्षरब्रहम तक ही होती है, जो भगवान की विभूति रुप है। वहां तक पहुंचने के लिये उसको साधन की आवश्यकता रहती है। 🌹 (पु.प्र.म.भेद) 🌹 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌹वल्लभ-चिंतनिका(१३२)🌹

'मर्यादा भक्ति' में ग्यान और वैराग्य भक्ति के अंगरुप है, लेकिन 'पुष्टि भक्ति' के लिये नहीं है, क्योंकी भगवान

जिसके पर कृपा करतें है, उस जीवात्मा में ग्यान-वैराग्य न होते हुए भी वे उसे 'पुष्टि भक्ति' का दान करते है।🌹(पु.प्र.म. भेद) 🌹 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌹वल्लभ-चिंतनिका(१३३)🌹

पुष्टिमार्ग, मर्यादामार्ग और प्रवाहमार्ग, तीनो भिन्न मार्ग है। प्रथम दो भक्तिमार्ग के विभिन्न प्रकार, जिनके फल भी भिन्न है। लेकिन प्रवाहमार्ग में भगवद् प्राप्ति की कोई संभावना नहीं है।🌹 (पु.प्र.म. भेद) 🌹 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌹वल्लभ-चिंतनिका(१३४)🌹

प्रवाहमार्ग के जीव आसूरी होते है। वे मर्यादा/पुष्टि जीव से भिन्न प्रकार के है। उनको देह-इन्द्रिय-अंत:करण से भगवान की सेवा करने की ईच्छा/अनुकुलता नहीं होतीॅ। 🌹 (पु.प्र.म.भेद) 🌹 (डो. जयेन्द्र सोनी)

🌹वल्लभ-चिंतनिका(१३५)🌹

मर्यादामार्ग के दैवी जीव प्रवाह मार्ग के आसूरी जीव से भिन्न प्रकार के होते है। उनके देह अग्निहोत्र आदि वैदिक कर्मो, भगवान की पूजा आदि के लिये अनुकुल होते है। 🌹 (पु.प्र.म.भेद) 🌹 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌹वल्लभ-चिंतनिका(१३६)🌹

जैसे प्रवाहमार्ग और मर्यादामार्ग परस्पर भिन्न है वैसे ही पुष्टिमार्ग दोनो से भिन्न है। जो लौकिक/वैदिक कामना /प्रयोजन से पर होकर मात्र भगवान की भक्ति में ही आसक्त होते है, उसे पुष्टिमार्गीय जीव कहते है।🌹(पु.प्र.म.भेद) 🌹 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌹वल्लभ-चिंतनिका(१३७)🌹

जैसे आसूरी जीव और दैवी जीवो में भेद श्रुति सिद्ध है, उनके देह व कर्म में भिन्नता बताई गई है, वैसे ही दैवी सृष्टि अंतर्गत पुष्टि जीव व मर्यादा जीव के स्वरुप व कर्मो में भिन्नता होती है।🌹 (पु.प्र.म. भेद) 🌹 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌹वल्लभ-चिंतनिका(१३८)🌹

तीनो मार्गके 'सर्ग', सृष्टिभेद, स्वरुप, अंग और क्रिया भिन्न है। भगवानने ईच्छा मात्र से मन के द्वारा 'प्रवाह सृष्टि, वाणी द्वारा वेदमार्ग / 'मर्यादा सृष्टि', और श्रीअंगमें से 'पुष्टि सृष्टि की रचना की है। 🌹(पु.प्र.म.भेद) 🌹 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌹वल्लभ-चिंतनिका(१३९)🌹

प्रवाहीसृष्टि को मूलेच्छा से लौकिक फल प्राप्त होता है। वैदिक सृष्टि को वेदमें बताया गया फल मिलता है। पुष्टि सृष्टि को प्रभुके स्वरुप से फल प्राप्ति होती है। 🌹 (पु.प्र.म.भेद) 🌹 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌹वल्लभ-चिंतनिका(१४०)🌹

सृष्टि में आये हुए कुछ जीवो को आसुर बनाने की भगवान की ईच्छा वह 'मूलेच्छा' है। ईसीलिये उनकी ईच्छासे 'लोकमें' अर्थात् प्रवाहमार्गमें उन्हें 'अंधतमस' में प्रवेश रुप फल प्राप्त होता है। 🌹 (पु.प्र.म. भेद) 🌹 🌸(डॉ. जयेन्द्र

सोनी)🌸

🌹वल्लभ-चिंतनिका(१४१)🌹

मर्यादामार्गीय भक्त को भी अंतमें पुरुषोत्तम की प्राप्ति मुक्ति रुपसे ही होती है, साक्षात् संबंध रुप से नहीं होती, क्योंकी मर्यादामार्ग वालोको अंतमें ईसी तरह अपनी प्राप्ति हो ऐसी भगवान की ईच्छा होती है। 🌹(पु.प्र.मं.भेद)🌹🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌹वल्लभ-चिंतनिका(१४२)🌹

पुष्टिमार्गीय भक्त को साक्षात् स्वरुप के संबंध से भगवद् अनुभव रुप फल प्राप्ति होती है, ऐसी ही भगवान की ईच्छा होने से, वे अपना साक्षात अनुभव कराते है।🌹 (पु.प्र.म. भेद)🌹 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌹वल्लभ-चिंतनिका(१४३)🌹

'पुष्टि' एवम् 'मर्यादा' मार्गो से भिन्न 'प्रवाहमार्ग' के जीव, जो द्वेषी, क्रूर, मनुष्यो में अधम व दूष्ट होते है, उनको भगवान संसार में बार बार आसूरी योनि में डालते है। 🌹 (पु.प्र.म. भेद) 🌹 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌹वल्लभ-चिंतनिका(१४४)🌹

अन्य दोनो मार्ग - पुष्टि एवम् मर्यादा मार्ग के जीव प्रवाहमार्ग से भिन्न दैवी प्रकार के होने से, उन मार्गो के फल में परिणाम रुप 'अंत वाले' कहे गये है, जिसका तात्पर्य 'मोक्ष' हो सकता है। लेकिन उनके भी स्वरुप भिन्न होनेसे उसका खुलासा आगे कीया है। 🌹(पु.प्र.म.भेद) 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌹वल्लभ-चिंतनिका(१४५)🌹

पुष्टिमार्ग और मर्यादामार्ग में◌ं मोक्ष का स्वरुप एक नहीं है, क्योंकी पुष्टिमार्गमें जीव भिन्न प्रकार के है। उनकी सृष्टि भगवानकी सेवाके ल़िये ही उत्पन्न की गई है। 🌹 (पु.प्र.म. भेद) 🌹 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌹वल्लभ-चिंतनिका(१४६)🌹

पुष्टि-सृष्टि संपुर्ण रुपसे अन्य सभी सृष्टि से अलग प्रकार की होने से उत्तम कही गई है, क्योंकी उसका प्रयोजन मात्र भगवद् सेवा है, जो मर्यादामार्गीय पूजा से भिन्न है। इसमें कोई संदेह नहीं है।🌹 (पु.प्र.म.भेद) 🌹 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌹वल्लभ-चिंतनिका(१४७)🌹

भगवान के उत्तम भक्त - पुष्टि जीव भी भगवद् लीलार्थे प्रकट होते है, ईसीलिये उनका 'अवतार' कहा गया है। उनके अलौकिक देह व रस प्रकट करनेका सामर्थ्य, सेवा की कुशलता, भगवद् प्रेम आदि गुण उनमें विद्यमान होते है। 🌹 (पु.प्र.म.भेद) 🌹 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌹वल्लभ-चिंतनिका(१४८)🌹

पुष्टिमार्गके फल का अनुभव करनेके लिये 'भोग्य' व 'भोक्ता' की आवश्यक्ता होती है, जिसमें प्रभु भोग्य है, पुष्टि भक्त भोक्ता है। वे दोनो समान होना जरुरी है। अतः भगवान पुष्टिजीवो को अपने जैसा अलौकिक स्वरुप का दान

करतें है।🌹 (पु.प्र.म.भेद) 🌹 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌹वल्लभ-चिंतनिका(१४९)🌹

पुष्टिजीव भी एक प्रकार के नहीं होते। अधिकार भेद से उनके भी विभिन्न प्रकार है। मुख्यत्वे दो भेद बताये गये है। एक 'शुद्ध पुष्टि' और दूसरा 'मिश्र पुष्टि', जिसके भी ३ प्रकार है - १.पुष्टि पुष्टि, २.मर्यादा पुष्टि ३.प्रवाह पुष्टि। ऐसे पुष्टिजीव के ४ प्रकार है।🌹(पु.प्र.म.भेद)🌹 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌹वल्लभ-चिंतनिका(१५०)🌹

श्रीमहाप्रभुजी के मतानुसार 'शुद्ध पुष्टि' सृष्टि के जीव पुर्णरुप से भगवन्प्रेममय होते है जो अति दुर्लभ है। 'पुष्टि पुष्टि' सृष्टि के जीव भगवान के महात्म्य ग्यान युक्त सुद्रढ सर्वतोघिक स्नेहपूर्वक कृष्णसेवा परायण होते है। 🌹 (पु. प्र.म.भेद) 🌹 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌹वल्लभ-चिंतनिका(१५१)🌹

'मर्यादा-पुष्टि' सृष्टि के जीव भगवान श्रीकृष्ण की लीलाओकी कथा द्वारा भगवानके गुणोका प्रेमपूर्वक चिंतन (श्रवण-स्मरण-कीर्तन) करनें में लीन हो जाते है। 🌹 (पु.प्र. म. भेद)🌹 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌹वल्लभ-चिंतनिका(१५२)🌹

'प्रवाह-पुष्टि' सृष्टि के जीवो में भगवान का महात्म्य ग्यान एवम् उनके प्रति उत्कट स्नेह न होते हुए भी उनको कृष्ण-भजन की बाहय क्रियाओ में रुची और तत्परता होती है। 🌹 (पु.प्र.म.भेद) 🌹 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌹वल्लभ-चिंतनिका(१५३)🌹

चारों प्रकारकी पुष्टि-सृष्टि के जीवोको प्राप्त होने वाले फल उनके अधिकार मुताबिक मिलते है। 'शुद्ध पुष्टि' जीवोको साक्षात् भगवानके स्वरुपानंद का अनुभव आलोक और परलोक में होता है। 🌹 (पु.प्र.म.भेद) 🌹 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌹वल्लभ-चिंतनिका(१५४)🌹

'पुष्टि-पुष्टि' सृष्टि के जीवको भगवद् स्वरुपका अनुभव अपनी योग्यताके अनुसार होता है, 'मर्यादा पुष्टि' सृष्टिके जीवोको सायुज्य मुक्ति रुपी फल प्राप्त होता है, और 'प्रवाह-पुष्टि' सृष्टि के जीव सेवोपयोगी देह की प्राप्ति करतें है। 🌹 (पु.प्र.म.भेद) 🌹 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌹वल्लभ-चिंतनिका(१५५)🌹

दैवी जीवोके संग के कारण कितनेक अदैवी जीवोमें भी कुछ समय के लिये दैवी लक्षण दिखते है, लेकिन वे लक्षण चिरस्थायी नहीं होते। ऐसे जीवो को 'चर्षणी जीव' कहते है। वे प्रतिदिन नये नये मार्ग पर भटकते रहते है। उनका स्थायी स्वभाव नहीं होता। 🌹 (पु.प्र.म.भेद) 🌹 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌹वल्लभ-चिंतनिका(१५६)🌹

चर्षणि जीवो जिनके संपर्क में आते है, उस समय के लिये, उनके गुणधर्म अपना लेते है। वे नित्य अपने रंग बदलते

रहते है। दैवीजीवो के संगमें 'दैवी शील', और आसुरी जीवके संगसे 'आसुरी शील' प्रकट करते है। वे कभी स्थिर नहीं हो सकते। 🌹 (पु.प्र.म.भेद) 🌹 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌹वल्लभ-चिंतनिका(१५७)🌹

पुष्टिमार्गीय जीवको भी यदि कभी 'पुष्टि-प्रभु' के अतिरिक्त स्वरुपमें आसक्ति हो जाती है, अथवा अहंकार उत्पन्न होता है, तब उसे पुनः स्वमार्गमें स्थापित करने हेतु भगवान शाप दिलाते है। 🌹 (पु.प्र.म.भेद) 🌹 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌹वल्लभ-चिंतनिका(१५८)🌹

भक्तको मिलता शाप भगवदिच्छासे ही होता है, तदर्थ उसे भगवानकी दयाका दान समझना चाहिये, क्योंकी उसमें भक्तका कल्याण ही होता है। शाप दिलाकर भगवान भक्तको अपने साथ जोडना चाहते है। 🌹 (पु.प्र.म.भेद) 🌹 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌹वल्लभ-चिंतनिका(१५९)🌹

शापित होते हुए भी पुष्टिजीव न पाखंडी होता है, न उसे रोग ईत्यादीकी पीडा होती है। ऐसे महानुभाव बहुत प्रभावशाली होते है। वे कीसी प्रकारसे भय युक्त नहीं होते। 🌹 (पु.प्र.म. भेद) 🌹 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌹वल्लभ-चिंतनिका(१६०)🌹

जब हम पुष्टिजीव को 'प्रभावशाली' कहते है, फिर उसे 'शापित' होना कैसे संभव है, ऐसा संदेह को मिटाने,यह बताया है की 'शाप' शास्त्ररुप होता है, जो पूर्वजन्मके अपराध दूर कर 'शुद्ध' करता है। शाप होनेके बाद भगवान पूनः अंगीकार करतें है। 🌹 (पु.प्र.म.भेद) 🌹🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌹वल्लभ-चिंतनिका(१६१)🌹

भगवद् स्वरुपके भदके कारण उनसे प्राप्त होनेवाले फलमें भी भेद होते है। तदर्थ पुष्टिमार्ग, मर्यादामार्ग और प्रवाहमार्ग में फल भिन्न भिन्न होते है। 🌹 (पु.प्र.म.भेद) 🌹 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌹वल्लभ-चिंतनिका(१६२)🌹

पुष्टिमार्गमें फल प्राप्तिके लिये भजनमें स्नेह ही नियामक है। मर्यादामार्गमें पुरुषोत्तम ही भजन करने योग्य है, लेकिन वहां शास्त्र विधी नियामक है। 🌹 (पु.प्र.म.भेद) 🌹 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌹वल्लभ-चिंतनिका(१६३)🌹

जिनकी केवल भगवानमें ही द्रढ आसक्ति हो, उन्हें वैदिक एवम् लौकिक कर्मोका आचरण, उनमें बिना निष्ठा रखे, कापट्य वत् ही करना चाहिये, कोई अन्य प्रयोजनसे नहीं। 🌹 (पु.प्र.म.भेद) 🌹 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌹वल्लभ-चिंतनिका(१६४)🌹

जो भी श्रीमदाचार्यचरणके उपदेश अनुसार पुष्टिमार्ग अथवा मर्यादामार्ग की प्रवृत्तिमें रत है, उनका 'वैष्णवत्व' सहज होता है। वे लोक-कल्याणार्थ कर्म बिना आसक्ति करतें है। 🌹 (पु.प्र.म.भेद) 🌹 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌹वल्लभ-चिंतनिका(१६५)🌹

दैवीजीवो - पुष्टि एवम् मर्यादा मार्गमें अंगीकृत जीवो के संपर्कमें होते हुए उन मार्गोमें प्रवृत्त नहीं होते ऐसे अन्य प्रवाहमें रहनेवाले जीवोको 'चर्षणी' कहा गया है, जो हर क्षण अपना धर्म बदलतें रहते है। उनको कीसी एक मार्गमें रुचि/श्रद्धा नहीं होती। 🌹 (पु.प्र.म.भेद) 🌹 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌹वल्लभ-चिंतनिका(१६६)🌹

प्रवाही जीवोके स्वरुप, अंग और क्रिया का वर्णन करते हुए बताते है की वे आसूरी प्रकृतिके होते है, जिनको गीताजीमें प्रवृत्ति-निवृत्ति वाले कहे गये है। 🌹 (पु.प्र.म.भेद) 🌹 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌹वल्लभ चिंतनिका(१६७)🌹

प्रवाही जीवोके दो प्रकार बताये गये है, - १. अग्य, २. दुर्ग्य। प्रथम प्रकारके जीव वास्तवमें आसूरी नहीं होते, इसलिये उन्हे कभी भगवान प्रति प्रीति दिखाई देती है, जबकी दुसरे प्रकारके प्रवाही जीवको लेशमात्र भगवद् प्रेम नहीं होता, वे शुद्ध आसूरी होते है। 🌹 (पु.प्र.म.भेद) 🌹 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌹वल्लभ-चिंतनिका(१६८)🌹

म्लेच्छ ईत्यादि आसूरी जीवोमें भी किसीकी भगवानमें आसक्ति दिखाई पडती है, क्योंकी वै वास्तविक रुपसे आसूरी नहीं होते लेकिन भगवानके कोई अपराधके कारण उनमें आसूरावेश होता है। 🌹 (पु.प्र.म.भेद) 🌹 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌹यहां 'पुष्टि प्रवाह मर्यादा भेद' ग्रंथ समाप्त होता है।🌹

🌹वल्लभ-चिंतनिका(१६९)🌹

दैवीजीवोके उद्धारकी श्रीमहाप्रभुजी की चिंताके प्रतिसाद रुप स्वयं भगवानने उनके सन्मुख प्रकट हो कर 'ब्रह्मसंबंध' कराने की आग्या की, उस मंत्रका गुढ रहस्य समझानेके लिये उन्होने 'सिद्धांत रहस्य' ग्रंथकी रचना की थी। 🌹(स.र.)🌹 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌹वल्लभ-चिंतनिका(१७०)🌹

"सुन्यो पर समझ्यो नहीं", दमलाजीके ऐसे उद्गारके प्रतिसादमें, भगवद् आग्यानुसार ब्रह्मसंबंध मंत्रके रहस्यको श्रीमहप्रभुजी ने उजागर किया वह 'सिद्घांत रहस्य' ग्रंथ।🌹 (सि.र.) 🌹 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌹वल्लभ-चिंतनिका(१७१)🌹

'निवेदन', 'समर्पण' एवम् 'विनियोग' उत्तरोत्तर एकदूसरेके तात्पर्य रुप है। पंचाक्षर मंत्र द्वारा जो आत्मनिवेदन करनेमें आता है, गद्यमंत्रमें वही 'आत्मा' व 'निवेदन' का रहस्य सभी पदार्थोके समर्पणके रुपमें समझाया गया है। 🌹 (सि.र.) 🌹 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌹वल्लभ-चिंतनिका(१७२)🌹

'पंचाक्षर' एवम् 'गद्य मंत्र' गोप्य होनेसे उन अंशोके सिवा भगवानने कहे हुए वचनानुसार 'समर्पण'के सिद्धांतके

रहस्यको श्रीमहाप्रभुजीने अक्षरसः, इस ग्रंथमें निरुपित किया है। 🌹 (सि.र.) 🌹 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌹वल्लभ-चिंतनिका(१७३)🌹

जीवका स्वाभाविक रुपसे भगवानके साथ संबंध न हो पानेका कारण वह अनेक दोष ग्रस्त होना है, जिनके ५ प्रकार बताये है -१.सहज, २.देश-कालसे उत्पन्न, ३.लोक-वेदके निमित्त, ४.संयोगके कारण, और ५.स्पर्श दोष जनित। 🌹 (सि.र.) 🌹 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌹वल्लभ-चिंतनिका(१७४)🌹

लोक और वेदमें निंदित अनेक प्रकारके ऐसे दोषोसे भरा हुआ जीव का ब्रहमसंबंध होनेसे वे दोषोकी निवृत्ति होती है, और वे पुष्टिजीव द्वारा की जाती 'भगवद् सेवा' में बाधक नहीं बनते। 🌹 (सि. र.) 🌹 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌹वल्लभ-चिंतनिका(१७५)🌹

भगवद् कृपायुक्त पुष्टिजीव जब अपना सर्वस्व श्रीमदाचार्य द्वारा भगवान श्रीकृष्णको समर्पित करके, वह श्रीकृष्णका दास होनेका स्वीकार करता है, उसीको 'ब्रहमसंबंध' कहते है। 🌹 (सि.र.) 🌹 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌹वल्लभ-चिंतनिका(१७६)🌹

'ब्रहमसंबंध' श्रीमदाचार्यचरण अथवा उनके कीसी वंशजके साथ नहीं, लेकिन भगवान श्रीकृष्णके साथ ही होता है। समर्पण कोई मनुष्यको नहीं, परंतु मात्र श्रीपुरुषोतम-श्री कृष्णको ही किया जाता है, यह उपदेश सभी टिकाकारोका है। 🌹 (सि.र.) 🌹 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌹वल्लभ-चिंतनिका(१७७)🌹

रसात्मक आनंदमय कृष्णसे बिछुडे हुए जीवका उस विरह-क्लेशका अनुभव करना ही वास्तवमें उच्चतम आनंद है। उनके प्रति जब निरुपाधिक व निरवधि प्रेम उत्पन्न होता है तभी आनंदका अनुभव हो सकता है। 🌹 (सि.र.) 🌹 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌹वल्लभ-चिंतनिका(१७८)🌹

भगवानको सर्वस्व समर्पणके परिणाम स्वरुप ही जीव उनका दास बनता है। रसात्मक कृष्णके स्वरुपके समक्ष तदर्थ श्रीमदाचार्यचरण शरणागतको तत् संबंधि प्रतिग्या लिवाते है। तत्पश्चात सेवामार्गका अनुसरण जीवका कर्तव्य बनता है। 🌹 (सि. र.) 🌹 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌹वल्लभ-चिंतनिका(१७९)🌹

'कृष्ण' पद रसात्मक होनेसे और 'वियोग' उनके संबंध का होनेके कारण 'कृष्ण वियोग' शब्द प्रयोग किया गया है। उसीकी वजहसे उनका 'तापक्लेश' व 'आनंद' का तिरोधान बताया है, जो फलरुप है। 🌹 (सि.र.) 🌹 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌹वल्लभ-चिंतनिका(१८०)🌹

इस ग्रंथ का 'रहस्य' यह है की स्वयं भगवान श्रीकृष्ण द्वारा कही गई प्रतिग्या वह 'गद्य मंत्र' है। जैसे जनेउसे वैदिक

कर्मादि क्रियाका सवर्णिकको अधिकार प्राप्त होता है, वैसे ही 'ब्रह्मसंबंध' से भक्तिमार्ग या सेवामार्गमें अधिकार मिलता है। 🌹 (सि.र.) 🌹 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌹वल्लभ-चिंतनिका (१८१)🌹

इस ग्रंथका दूसरा रहस्य यह बताया है की, 'ब्रह्मसंबंध' से दोषोकी निवृत्ति होती हो या नहीं, लेकिन उससे पुष्टिजीव द्वारा की जाती 'भगवद्-सेवा' में वे दोष बाधक नहीं बनते। ब्रह्मसंबंधके सिवा अन्य किसी प्रकारसे उन दोषोकी निवृत्ति संभव नहीं है। 🌹 (सि.र.) 🌹 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌹वल्लभ-चिंतनिका(१८२)🌹

भक्तिमार्गमें जिन पदार्थोका भगवानसे संबंध न हुआ हो उनसे दोष होते है। ईसीलिये अपने सभी कार्योंके लिये भगवानको समर्पित न की गई हो उन वस्तुओका त्याग करनेकी आग्या की गई है। 🌹 (सि.र.) 🌹 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌹वल्लभ-चिंतनिका(१८३)🌹

जिन्होने भगवानके आगे ब्रह्मसंबंधके समय निवेदन किया हो, उन्हे अपना लौकिक-वैदिक सभी कार्य प्रभुको समर्पित पदार्थोसे ही करने चाहिये, ऐसा नियम है। 🌹 (सि.र.) 🌹 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌹वल्लभ-चिंतनिका(१८४)🌹

कोई भी पदार्थका भगवानको विनियोग किये बीना यदि कीसीने उपयोग किया हों तब वह 'सामिभुक्त' कहलाता है। भक्तिमार्गमें ऐसे सामिभुक्त पदार्थका समर्पण वर्जित है। ब्रह्मादि देवोकों भी उपभोग किये हुए पदार्थोका समर्पण रुचिकर नहीं होता। 🌹(सि.र.) 🌹 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌹वल्लभ-चिंतनिका(१८५)🌹

अर्धभुक्त पदार्थोको प्रभुको विनियोग नहीं करना चाहिये, समर्पण न हुआ हो उन पदार्थोका स्वयंके लिये उपयोग नहीं करना चाहिये, और अपने उपयोगमें लेनेसे पहले, सर्व कार्यके पूर्व उनको प्रभुको समर्पित करना चाहिये। 🌹 (सि.र.) 🌹 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌹वल्लभ-चिंतनिका (१८६)🌹

यहां ऐसी शंका हो सकती है की जब सभी वस्तु भगवदर्थे समर्पित कर देवेें तब आत्मनिवेदन करनेवाले का नित्य का व्यवहार कैसे निभ सके, जबकि असमर्पित वस्तुका उपभोग निषिद्ध माना गया है ? 🌹 (सि.र.) 🌹🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌹वल्लभ-चिंतनिका(१८७)🌹

आत्मनिवेदन करनेसे भक्तिमार्गमें 'भक्ति' उत्पन्न होती है। यहां पुरुषोत्तम की सेवा होती होनेसे भक्त और भगवानका संबंध 'सेवक-स्वामी' का होता है। अतः भक्तिमार्गमें भगवानको विनियोग करनेके बाद उनके उच्छिष्टसे सेवकको अपना निर्वाह करना चाहिये। 🌹 (सि. र.) 🌹 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌹वल्लभ-चिंतनिका(१८८)🌹

"भगवानको दानके रुपमें जो कुछ भेट करते है, उनका पूनः हम उपभोग नहीं कर सकते" - यह विधान पुष्टिमार्गीय साधना-प्रणाली को लागु नहीं होती। क्योंकी यहां लोकमें जैसे स्वामीके द्वारा उपभोग की हुई वस्तुसे सेवकका व्यवहार चलता है, वह बात लागु होती है। 🌹 (सि.र.) 🌹 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌹वल्लभ चिंतनिका(१८९)🌹

'दान' का अर्थ है - अपनी सत्ताका त्याग कर दूसरेकी सत्ता स्थापित करना। भक्तिमार्गसे भिन्न मार्गोमें नैवेद्य ईत्यादि का निषेध है, क्योंकि वह दानका प्रकार है, जबकी भक्तिमार्ग में निवेदन कीये हुए पदार्थोका 'समर्पण' है। 🌹 (सि.र.) 🌹 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌹वल्लभ-चिंतनिका(१९०)🌹

दान-अर्पण-समर्पण में भेद यह है की, जब हम कीसी वस्तु/ द्रव्य परसे अपनी सत्ताका त्याग कर अन्यकी मालिकीयत स्थापित करते है, वह दान है। जब ऐसी भेट देवको दी जाती है, उसे 'अर्पण' कहते है। वह दानका ही प्रकार है। ऐसे पदार्थ का अपने लिये उपयोग निषिद्ध है। लेकिन हम ब्रह्मसंबंध करते समय भगवानके आगे 'निवेदन' करतें है की 'जिसको मैं अपना मान रहा था, वह सब वस्तुए आपहीकी है, अतः आपको समर्पित करता हुँ'। हम भगवानके दास होनेकी भी कबुलात करते है। ईसलिये समर्पित कीये हुए पदार्थोको भगवानको विनियोग कराके, स्वामी-सेवक भावसे उनका उपयोग दोषरुप नहीं बनता। 🌹 (सि.र.) 🌹 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌹वल्लभ-चिंतनिका (१९१)🌹

भगवान द्वारा लिये गये सभी रुप भगवानके है, उनके लिये है। अपना अस्तित्व व प्रयोजन भी भगवल्लीलाके अंगरुप व भगवत्सेवार्थ है। अतः भगवानको समर्पण करनेके पश्चाद् भगवानके प्रसादके रुपमें उसको ग्रहण करनेसे वह दोष मुक्त होता है। 🌹 (सि.र.) 🌹 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌹वल्लभ-चिंतनिका (१९२)🌹

ब्रह्मसंबंध करते समय जिन वस्तुओका हम समर्पण करतें है, उनका साक्षात अथवा परंपरासे एकबार भगवानकी सेवामें विनियोग हो जानेपर उनके दोष निवृत्त हो जाते है, जैसे नदी-नाले गंगाजीमें मिल जाने पर उनका अलग अस्तित्व नहीं रहता, उन्हें गंगाजल ही माना जाता है। 🌹(सि.र.) 🌹 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌹वल्लभ-चिंतनिका(१९३)🌹

ब्रह्मसंबंध करते समय जो निवेदन किया जाता है, वह एक साझेदारीकी कबुलात है। इससे स्वामी-सेवकके रुपमें पारिवारीक संबंध स्थापित होता है। इसमें कीसी वस्तुकी सत्ता बदलनेका भाव नहीं जो दान की प्रक्रियामें होता है। तदर्थ यहां 'समर्पण' है। यही 'सिद्घांत' का रहस्य है।🌹 (सि.र.) 🌹🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌹वल्लभ-चिंतनिका (१९४)🌹

पुष्टिमार्ग के अनुयायी को स्व-स्वरुपका, अपने कर्तव्यका तथा भजनिय-स्वरुपका चिंतन तो होना चाहिये, लेकिन चिंता करनेकी आवश्यकता नहीं, यह संदेश श्रीमहाप्रभुजी ने "नवरत्न" ग्रंथ द्वारा दिया है। 🌹(न.र.) 🌹 🌸(डॉ.

जयेन्द्र सोनी)🌸

🌹वल्लभ-चिंतनिका(१९५)🌹

🌹श्रीमहाप्रभुजीके सेवक गोविंद दुबेके मनमें व्याकुलता रहती और चित्त सेवामें न लगनेसे उनको 'नवरत्न' ग्रंथ द्वारा भगवद् ईच्छा समझ कर चिंता न करनेकी आग्या की थी, क्योंकि जो जिनका अधिकारी होता है, उसका मन अपने आप वहीं लग जाता है। 🌹 (न.र.) 🌹 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌹वल्लभ-चिंतनिका (१९६)🌹

पुष्टि-पथ के पथिक यदि अपने स्वरुप / कर्तव्य के बारेमें चिंतन न करके अस्वाभाविक चिंता करने लगे, वह श्रीमहाप्रभुजी को अपेक्षित नहीं है, कयोंकि उसका मूल अनास्था, उद्वेग, व हमने जिन मुल्योका स्वीकार किया हो उससे विपरित अपनी मनोवृत्तिमें रहा हुआ है। 🌹 (न.र.) 🌹 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌹वल्लभ-चिंतनिका(१९७)🌹

🌹भगवद् कृपासे भगवत्-सेवामें अथवा कथामें जैसे जैसे चित्त तन्मय होता जाता है, उसमेंसे अधिकाधिक आनंद प्राप्त करनेकी मनोवृत्ति स्वस्थ होती है। उससे विपरित निरंतर होती चिंता वह भक्ति विरोधी मनोभाव है। 🌹(न.र.) 🌹🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌹वल्लभ-चिंतनिका(१९८)🌹

🌹भगवानकी शरणागति स्वीकारनेके बाद आलोक-परलोक संबंधी सबकुछ हम प्रभुको समर्पित कर देते है। भगवान सर्वग्य, सर्व-समर्थ, सर्वके हितैषि, सर्वके सुहृद, कर्ता-कारयिता है। इस प्रकार के भाव की भूमिका बनने पर 'संशय' अथवा 'चिंता'का कोई प्रश्न ही नहीं रह जाता। 🌹 (न.र.) 🌹🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌹वल्लभ-चिंतनिका(१९९)🌹

🌹जितना प्राप्त हुआ है उससे अधिक प्राप्तिका मनोरथ अस्वाभाविक नहीं होता लेकिन जो प्राप्त नहीं हुआ उसकी चिंता अथवा उद्वेग, वह एक अस्वाभाविक मनोवृत्ति है। उसी तरह लौकिक व वैदिक योगक्षेमके बारेमें निरंतर चिंता करना वह भी भक्ति-विरोधि मनोभाव है। 🌹(न.र.) 🌹 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌹वल्लभ-चिंतनिका(२००)🌹

🌹"निवेदातात्मा" शब्द से 'अंगीकार मात्रसे सर्व सिद्ध होगा' ऐसा प्रभुमें दृढ विश्वास, 'जीवगत कारण'; व भगवानमें 'अंगीकृत पालन धर्म' निहित है, यह 'प्रभुगत कारण', इन दोंनो का संकेत है। ऐसे जीवको चिंता करनेकी आवश्यक्ता नहीं है। 🌹(न.र.) 🌹🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌹वल्लभ-चिंतनिका (२०१)🌹

🌹जीव की परिक्षा करनेके लिये अथवा उसके प्रारब्ध का भोग कराने के लिये, भगवान कभी फल-प्राप्ति करानेमें विलंब करते है। अतः तद्-विषयक चिंता जीव को करनी नहीं चाहिये। 🌹 (न.र.) 🌹 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌹वल्लभ-चिंतनिका (२०२)🌹

🌹आजिविकाके लिये आवश्यक सांसारीक प्रवृत्ति सेवामें बाधारुप होनेकी संभावनाके कारण भगवद्-भक्तको 'चिंता' हो सकती है, जो स्वार्थप्रेरित नहीं होती, भगवद् सेवार्थ ही होती है। परंतु श्रीमहप्रभुजी 'स्वार्थपूर्ति और 'भगवत्सेवार्थ' चिंता न करनेकी आग्या करतें है। 🌹(न.र.) 🌹 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌹वल्लभ-चिंतनिका(२०३)🌹

🌹चिंता न करनेके मुख्य दो कारण श्रीमहाप्रभुजीने बताये है - १.'निवेदात्मभिः', जिन्होने प्रभुको निवेदन करके अपना सर्वस्व उन्हे समर्पित किया है, व २.भगवान 'पुष्टिस्थः', अर्थात्, कृपानिधान है, दयालु है, हमारे सभी दोष, अपराध दूर करना उनका स्वभाव है। 🌹 (न.र.) 🌹 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌹वल्लभ-चिंतनिका(२०४)🌹

🌹लौकिक व्यवहार मे व्यस्त रहने के कारण यदि मर्यादामार्गीय वैराग्य सिद्ध न होते हुए भी, भगवान द्वारा पुष्टिमार्गमें स्वीकार करनेके कारण पुष्टिजीवकी वे लौकिक गति नहीं होने देते, ऐसी दृढ आस्था रखनी चाहिये । 🌹(न.र.) 🌹 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌹वल्लभ-चिंतनिका (२०५) 🌹

अपने देहादि भगवानको समर्पित होते हुए उनका अन्य उपयोग से उत्पन्न होने वाली चिंताके संदर्भमें बताते है की जैसे हम भगवान के है, वैसेही स्त्री-पुत्रादि भी भगवानके ही है। प्रभु सर्वके पति होने के कारण उनके कार्य भगवद् कार्य समझ कर चिंता करनी नहीं चाहिये। । 🌹(न.र.)🌹🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌹वल्लभ-चितनिका (२०६) 🌹

🌹ब्रह्मसमबंध की दीक्षाके समय हम समस्त परिवारका भी समर्पण करते है। ईसलिये अपना सब कुछ भगवद् संबंधी हो जानेसे, परिवार का पोषण व संरक्षण भक्ति विरोधी व्यवहार नहीं है। अतः ईस विषयक चिंता की आवश्यकता नहीं है। 🌹 (न.र.) 🌹 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌹 वल्लभ-चिंतनिका (२०७)🌹

🌹परिवारके सदस्य यदि भगवत्सेवामें सहायक नहीं हो कर, संसारासक्त रहते हो, तबभी चिंता नहीं कपनी चाहिये क्योंकि हमारा कर्तव्य प्रभुको समर्पित करना है, बाकी उनकी ईच्छा पर आधारित है। 🌹 (न.र.) 🌹 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌹वल्लभ-चिंतनिका (२०८) 🌹

🌹श्राद्ध ईत्यादी कार्य भगवद् विनियोग की हुई प्रसादी वस्तु से करना चाहिये। लग्न आदि प्रसंग के लिये भी आवश्यक वस्तु के लिये पूर्वमें ही श्रीठाकुरजी को विनंति करके लेनी चाहिये। ऐसा करनेसे 'अन्य विनियोग' का प्रश्न नहीं रहेगा। 🌹 (न.र.) 🌹🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌹वल्लभ-चिंतनिका (२०९) 🌹

🌹ब्रह्मसंबंध करते समय सामान्यतः हमे तीन बाबतोका अग्यान होता है - १.ब्रह्मसंबंध कराने वाले 'गुरु' के सामर्थ्यका, २. आत्म-निवेदन के तात्पर्य का और ३. जिनके चरणोमें हम समर्पित करतें है, उस भगवद् स्वरुप का।

🌹 (न.र.) 🌹🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌹वल्लभ-चिंतनिका (२१०) 🌹

🌹कभी ऐसा भी हो सकता है की 'ब्रह्मसंबंध' करते समय कोई व्यक्तिके विषमें उन्हे समर्पित करनेका मनोभाव हमारेमें सर्वथा न हों, तब भी हमें उसके बारेमें चिंता करनेकी आवश्यकता नही, क्योंकि एकबार हम सर्वात्मभावसे प्रभु प्रत्ये समर्पित हो जानेसे, चाहे वह समर्पण बिना समझसे भी हुवा हो, चिंताका कोई कारण नहीं है। 🌹(न.र.) 🌹🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌹वल्लभ-चिंतनिका (२११) 🌹

🌹हम सर्व समर्पण करके प्रभुको आत्मनिवेदन तो करते है, लेकिन वह प्रभुने स्वीकार किया अथवा नहीं ऐसी चिंता हमें करनेकी आवश्यकता नहीं है क्योंकि भगवान श्रीकृष्ण पुष्टि-पुरुषोत्तम होनेसे वे सभी वस्तु व व्यक्तिका चाहे जब सेवामें विनियोग करानेमें समर्थ है। 🌹(न.र.) 🌹 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌹वल्लभ-चिंतनिका (२१२) 🌹

🌹प्रभु स्वयं हम निवेदन करते है उसका समर्पण हमारी पास कराते है, अतः जिन्होने 'मौखिक' निवेदन किया है उन्हे उसके स्वीकारकी चिंता छोड कर 'बौद्धिक', अर्थात् अहंता-ममता का त्याग, व प्रभुको समर्पित होनेकी तत्परता और 'कायिक' अर्थात् भगवत्सेवा का स्वीकार व तत्परता, का निवेदन करना चाहिये।🌹 (न.र.) 🌹🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌹वल्लभ-चिंतनिका (२१३)🌹

ब्रह्मसंबंध मंत्र बोलके भगवद् चरणार्विंदमें तुलसी समर्पित करतें है, वह 'मौखिक' निवेदन है, जब भगवदियोके संगके कारण जिनमें हमारी अहंता-ममता हे, वे पदार्थोका प्रभुको समर्पण करने तत्पर होते है, तब वह 'बौद्धिक' निवेदन होता है। फिर जब अपनि काया द्वारा सेवामे तत्पर होते हुए सभी पदार्थ का प्रभुको अंगीकार कराते है, तब वह 'कायिक' कहा जाता है। 🌹(न.र.) 🌹🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌹वल्लभ-चिंतनिका (२१४) 🌹

🌹पुष्टि-प्रभु सर्वसमर्थ होनेसे हमारी सभी प्रकारकी अयोग्यताओ को दूर करके, किसी भी प्रकारके साधनकी अपेक्षा बिना हमें योग्य बना सकतें है। अतः हम निवेदन व समर्पणके योग्य है अथवा नहीं, उसकी चिंता पुष्टिभक्तको करनेकी आवश्यकता नहीं। 🌹 (न.र.) 🌹 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌹वल्लभ-चिंतनिका (२१५) 🌹

🌹हमारे लौकिक व वैदिक कार्यो के हेतु हमारे देह, ईन्द्रियादि - सांसारीक सुख प्राप्ति होता है। समर्पित जीवके लिये ईस तरहकी प्रवृत्ति, उनके हितमें नहीं होती। अतः भगवान उसमें व्यवधान पैदा करतें है। श्रीमहाप्रभुजी समझाते है की हमें उस विषयमें चिंता करनेकी आवश्यक्ता नहीं । 🌹(न.र.) 🌹🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌹वल्लभ-चिंतनीका (२१६) 🌹

🌹श्रीमहाप्रभुजी समजातें है कि जिन्होने आत्मनिवेदन किया है उन्हें जीवनमें जो भी सुख- दूःख का अनुभव होता है,

उसे भगवद् ईच्छा मानकर स्वाभाविक रुपमें लेना चाहिये। तद्-विषयक् चिंता करनेकी आवश्यक्ता नहीं। 🌹 (न.र.) 🌹 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌹वल्लभ-चिंतनिका (२१७) 🌹

🌹लौकिक व्यवहार निभानेके लिये जब हम लौकिक कार्योमें व्यस्त रहते है तब हम संभवतः वैराग्य सिद्ध नहीं कर पाते। लेकिन, क्योंकि भगवानने हमारा पुष्टिमार्गमें स्वीकार किया होनेसे, वे पुष्टिजीवकी प्रवाहमार्गीय लौकिक गति नहीं होने देंगे, ऐसा दृढ विश्वास हमें रखना चाहिये। 🌹(न.र.) 🌹🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌹वल्लभ-चिंतनिका (२१८) 🌹

🌹लौकिक व वैदिकमें जो जो कालमें जो जो घटित होता है वह प्रभुकी ईच्छा से ही होता है। उसमें हमारी कोई लाभ-हानि का विचार करनेकी आवश्यकता नहीं है, ऐसा हमारे चित्तमें निश्चय करके, लौकिक-वैदिकमेंसे ममत्व को त्याग करनेसे 'साक्षी-भाव' रख सकतें है। 🌹 (न.र.) 🌹 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌹वल्लभ-चिंतनिका (२१९) 🌹

🌹"साक्षी-भाव" का तात्पर्य है तटस्थ रहेना। गीताजीमें बताये गये 'स्थित प्रग्य' के लक्षण, राग-द्वेष, हर्ष-शोक, मान-अपमान, सुख-दुःख, हार-जीत ईत्यादि सभी स्थितिमें अविचल रहना, उसे साक्षी-भाव कहतें है। संसारमें 'जल कमल वत्' रहना, वह साक्षी-भाव' है। वे🌹 (न.र.) 🌹 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌹वल्लभ-चिंतनिका (२२०) 🌹

🌹 भगवत्सेवा निभाने के लिये व्यापार, नौकरी करते हुए संभावित बहिर्मुखता से बचने का उपाय यह है कि हमने आत्मनिवेदन किया है और "मैं कृष्णका हुं - कृष्णका दास हुं", ऐसा सतत संस्मरण रखना चाहिये। 🌹 (न.र.) 🌹 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌹वल्लभ -चिंतनिका (२२१) 🌹

🌹पुष्टिजीव का लक्ष्य 'पुरुषोत्तम' की प्राप्ति है। अतः अंतःकरण के अध्यास के कारण मनके संकल्प - विकल्प लौकिक अथवा वैदिक में कभी कभी होते है, लेकिन उसके कारण चित्तमें उद्वेग करना नहीं चाहिये। प्रभुमें पूर्ण विश्वास रखना चाहिये की वे अपने लक्ष्य की प्राप्ति अवश्य करायेंगे। 🌹 (न.र.) 🌹 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌹वल्लभ -चिंतनिका (२२२) 🌹

🌹यदि भगवद् ईच्छाके कारण लौकिक / वैदिक दृष्टिसे किसी प्रकार की विषम परिस्थिती उत्पन्न होती हो तब हमें निश्चिंत हो कर उसे सहन करनी चाहिये, क्योंकी ऐसा संभव है कि प्रभु हमें पुष्टिमार्ग पर आगे बढाना चाहतें हो ! 🌹 (न.र.) 🌹 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌹वल्लभ -चिंतनिका (२२३) 🌹

🌹पुष्टिमार्ग में श्रीमहाप्रभुजी ही सभी अनुयायीओके गुरु है। भक्ति की प्रारंभिक अवस्थामें उन्हींकी (गुरु) आग्यानुसार ही भगवत्सेवा करनी चाहिये। लेकिन भगवद् ईच्छाके अधिन अथवा भगवद् आग्या अनुसार सेवाके

प्रकार में कभी भिन्नता हो, तब चिंता करनेकी आवश्यकता नहीं। 🌹 (न.र.) 🌹 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌹वल्लभ -चिंतनिका (२२४) 🌹

🌹"सेवापरं चित्तं विधाय स्थीयतां सुखम्" - वह मुख्य बात है, अर्थात् 'गुरु' आग्यानुसार अथवा भगवद् आग्यानुसार, जिस तरह भी, 'कृष्ण सेवा' में तत्परता बढे वही जीवन-प्रणाली सुखप्रद होती है। 🌹 (न.र.) 🌹🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸